केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/Central Pollution Control Board

'परिवेश भवन'/'Parivesh Bhawan'

पूर्वी अर्जुन नगर, दिल्ली-110032/East Arjun Nagar, Delhi-110032

फा.सं. पीसीपी/सा.प./2019-20 504 दिनांक : **05-03-2020**

सूचना

कोरोनावायरस परिवार कीएक नई उत्परिवर्तितप्रजाति,नॉवेल कोरोनावायरस (CoVID-19) वर्ष2019 के अंतिम सप्ताह में चीन के वुहान प्रांत में फैल गई थी और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसकी पुष्टि जनवरी 2020 के तीसरे सप्ताह में की थी। लगभग 2 महीने में यह वायरस 6 महाद्वीपों के 72 देशों फैल गया है। इसने90000 से अधिक मनुष्यों को संक्रमित किया है और इसके कारण 3100 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। विगत कुछ दिनों में भारत में संदिग्ध संक्रमण के कुछ मामलों की पहचान की गई है जोकि उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा से जुड़े हैं।

इस वैश्विक और क्षेत्रीय जोखिम (विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'अत्यधिक'के रूप में घोषित) के हमारे देश में पहुंचने को ध्यान में रखते हुए,सार्वजनिक हित में निम्नलिखित परामर्श जारी किए जाते है।

- अनौपचारिक स्रोतों और सोशल नेटवर्क साइटों/ऐप्स से उपलब्ध जानकारी पर भरोसा करने की बजाय विश्व स्वास्थ्य संगठन की वेबसाइट (https://www.who.int/) और राष्ट्रीय वेबसाइट (https://mohfw.gov.in/node/4904) पर एवं स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के पास उपलब्ध प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करें।
- **अपने हाथ बार-बार धोएँ**–एल्कोहल आधारित हैंडरब या साबुन और पानी से हाथों को बार-बार कम से कम 20 सेकेंड तक अच्छी तरह से धोएँ।
- **सामाजिक दूरी बनाएँ :** ऐसे व्यक्ति, जोकि खाँस रहा हो या छींक रहाहो, उससे और अपने बीच कम से कम 1 मीटर (3 फीट) की दूरी बनाए रखें।
- **आंख, नाक,मुँह और चेहरे को छूने से बचें।**
- **श्वास संबंधी स्वच्छता को व्यवहार में लाएँ :** इसका आशय है कि खांसी या छींक आने पर अपनी कोहनी को मोड़कर या टिशू से अपने मुँह और नाक को ढकें। प्रयोग के बाद टिशू का तत्काल निपटान करें।
- **यदि आपको बुखार, खांसी और सांस लेने में कठिनाई हो, तोचिकित्सीय देखभाल शीघ्रप्राप्त करें**- यदि आप अस्वस्थ महसूस कर रहे हों,तो घर पर रहें। यदि आपको बुखार, खांसी और सांस लेने में कठिनाई है, तो चिकित्सादेखभाल और अग्रिम चिकित्सीय सहायता प्राप्त करें। अपने स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के निर्देशों का पालन करें।
- **सभी सतहों को संक्रमणरोधक से रोगाणुमुक्त करें।**
- **'कोरोनावायरस (CoVID-19)जनता के लिए सलाह'**पर और अधिक जानकारी https://www.who.int/emergencies/diseases/novel-coronavirus-2019/advice-for-publicलिंक से प्राप्त करें।

(वी.पी. यादव)
प्रभाग प्रभारी-पीसीपी

प्रति प्रेषित:

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सभी तलों के सूचना पट्ट
- सदस्य सचिव के निजी सचिव (सूचनार्थ)
- प्रभाग प्रभारी-सूचना प्रद्योगिकी प्रभाग (सूचनार्थ तथा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इंट्रापोर्टल पर अपलोड करने हेतु)